सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए पंजीकरण करने हेतु निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सैनिक स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी कर दी गई है।

2. अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2023 के योग्य उम्मीदवारों को ई-काउंसलिंग में भाग लेने के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश काउंसलिंग (एआईएसएसएसी) 2023 पोर्टल पर पंजीकरण करना आवश्यक है।

3. AISSAC-2023 काउंसलिंग के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 06 मार्च 2023 से या उसके बाद शुरू होगी।

4. AISSAC-2023 पोर्टल पर पंजीकरण के लिए AISSEE-2023 के आवेदन क्रमांक की आवश्यकता होगी, इसलिए AISSEE-2023 में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को AISSAC-2023 की शुरुआत से पहले संबंधित दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी जाती है ।

5. एनटीए (NTA) पोर्टल पर अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2023 के पंजीकरण के दौरान पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दोनों पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा ।

6. वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) दर्ज करने के बाद उम्मीदवारों को अपना नया पासवर्ड सेट करना होगा इसके बाद उम्मीदवारों को अपने यूजर आईडी के रूप में अपने आवेदन क्रमांक के साथ पुनः साइन इन करना होगा और उनके द्वारा निर्धारित पासवर्ड दर्ज करना होगा उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपना पासवर्ड ठीक से आगे की ई-परामर्श प्रक्रियाओं के लिए नोट कर लें ।

7. सफल साइन-इन पर, उम्मीदवारों का विवरण स्वचालित रूप से AISSEE-2023 पंजीकरण के डेटाबेस से मिलान किया जाएगा ।

8. उम्मीदवारों को विवरणों की पुन: पुष्टि करने के लिए कहा जाएगा, विवरण की पुष्टि (Submit) के बाद ही, उम्मीदवार का पंजीकरण सफल माना जाएगा ।

9. AISSAC-2023 पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करने वाले उम्मीदवारों को किसी भी सैनिक स्कूल (नए सैनिक स्कूलों सहित) में सीटों के आवंटन हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

10. विस्तृत दिशानिर्देश और नियमावली जल्द ही AISSAC-2023 पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे ।

E-Counseling से सम्बंधित नवीन जानकारी के लिए AISSAC-2023 के पोर्टल को नियमित रूप से देखते रहें।